## वार्ड महानगर

# नालों पर बना दी सड़क, अब कहां से निकले पानी

**लापरवाही** **पार्षदों ने भी महापौर को शिकायत की थी**

महानगर संवाददाता

जयपुर। नगर निगम और जेडीए प्रशासन की ओर से शहर के ड्रेनेज सिस्टम को बंद करने के कारण सड़कों पर पानी भर गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार नगर निगम की ओर से शहर के करीब 990 नालों की सफाई कराई गई थी। जिसमें करीब दो करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इसके बावजूद मामूली सी बारिश में शहर की सड़कों पर पानी भर रहा है। इस संबंध में पार्षदों ने भी महापौर को शिकायत की थी। इसके बावजूद ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। चौमूं पुलिया के हाइपर सिटी के पास, दूध मंडी, पीतल फैक्ट्री चौराहा, नाहरी का नाका, स्टेशन रोड, कलेक्ट्री सर्किल, पांच बत्ती, सुभाषचौक, पावर हाउस रोड, संजय सर्किल, सिंधीकैंप, नारायण सिंह सर्किल, चांदपोल, पुरानी बस्ती सहित अन्य स्थानों पर पानी भर गया। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### नालों पर बना दी सड़कें

शहर के विभिन्न इलाकों में जेडीए और नगर निगम की ओर से नालों पर सड़कें बना दी गईं। जिससे नाले बंद हो गए। इस कारण सड़कों पर पानी भर रहा है। वहीं जनाना हॉस्पिटल से सिंधीकैंप तक नाले पूरी तरह से बंद कर दिए गए। जिससे यहां पर आए दिन पानी भरा रहता है।



## पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

महानगर संवाददाता

जयपुर। वामिका ग्रुप की ओर से लालकोठी, वार्ड 56 स्थित बाल संबल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रुप की महिला सदस्यों ने फलों के 50 पौधे रोपे। इस दौरान डांस, सिंगिंग, खेल-कूद विभिन्न कार्यक्रम किए गए। ग्रुप संयोजिका कविता कालानी ने अपना जन्मदिन बाल संबल के साथ मनाया और बच्चों को खिलाया। इस दौरान शरद कांकरिया, वीरेंद्र मेहता, मोतीलाल, पंचशील जैन, विजिया, अर्चना, चंद्रा, हर्षा, ममता, मोनिका, नीलिमा, नीता, रीता , साधना, शैफाली, सोनल, विनीता, सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में मूक बधिर बच्चों ने बनाई पेंटिंग

महानगर संवाददाता

जयपुर। मूक बधिर स्कूल में बुधवार को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने भारतीय तिरंगा आदि विषयों पर पेंटिंग बनाई। स्कूल के प्रभारी योगेन्द्र सिंह नरुका ने बताया कि स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर बच्चों को ड्राइंग शीट आदि वितरित की गई।



## गोविंददेवजी मंदिर में आज से मिलेंगे लड्डू

### कर्फ्यू के कारण बंद था भंडार

महानगर संवाददाता

जयपुर। जयपुर के आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर में कर्फ्यू के कारण शनिवार से बंद पड़ी लड्डू प्रसादी की दुकान गुरुवार को फिर से खुलेगी। बुधवार को यहां लड्डू बनाने का कार्य शुरू हो गया। मंदिर प्रबंधन की माने तो यहां लड्डू बनाने वाले कारीगर कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में रहते हैं इस कारण पिछले शनिवार से वे मंदिर नहीं आ सके। इस कारण दर्शनार्थी लड्डू नहीं खरीद सकें। गुरुवार से लड्डू खरीदे जा सकेंगे। गोविंददेवजी मंदिर में लड्डू प्रसाद अमणिया चौक स्थित अपरस रसोई में तैयार किए जाते हैं। एक अप्रेल से प्रति लड्डू पांच रुपए की जगह आठ रुपए लिए जा रहे हैं। लड्डू क्रेडिट-डेबिट कार्ड से भी खरीदे जा सकते हैं।



## बालाजी ग्रुप ने किया झोटवाड़ा, चौमूं, चैनपुरा में चुनाव प्रचार

### विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के चुनाव 17 को

महानगर संवाददाता

जयपुर। विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 17 सितम्बर को होने वाले चुनाव में बालाजी ग्रुप को लगातार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों का समर्थन मिल रहा है। विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश शाह और महेन्द्रसिंह जादौन के बाद पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवणकुमार गुप्ता, पूर्व महासचिव आरबी सिंह, ट्रांसपोर्टर सुमेरसिंह तारपुरा, दिनेशकुमार खटोड़, हनुमान विश्नोई, रामनिवास डेला, मोहनसिंह चौधरी सहित अनेक ट्रांसपोर्ट व्यावसायियों ने समर्थन पत्र दिया है।





बालाजी ग्रुप ने बुधवार को झोटवाड़ा, चौमूं, चैनपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसपोर्ट व्यावसायियों से संपर्क किया। बालाजी ग्रुप से महासचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे जगदीश यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि इस कार्यकाल में उन्होंने संगठन का विस्तार किया है। अब ट्रांसपोर्टनगर योजना का लाभ सभी पात्र ट्रांसपोर्ट व्यावसायियों को दिलाने पर जोर दिया जाएगा।

### ये डटे हैं मैदान में

श्री बालाजी ग्रुप से अनिल सोनी अध्यक्ष तथा जगदीश यादव महासचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। ग्रुप का चुनाव चिन्ह न्याय की देवी है। कोषाध्यक्ष पद के लिए गणपत चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष पद के लिए माल सिंह खंगारोत, संयुक्त सचिव पद के लिए महेशचंद वैष्णव, प्रचार मंत्री के लिए विजय कुमार शर्मा, संगठन मंत्री के लिए भंवर सिंह शेखावत चुनावी मैदान में हैं। कार्यकारिणी सदस्य के लिए इस ग्रुप से भागीरथ चौधरी, सत्यनारायण शर्मा, सुरेन्द्र सिंह नरुका, रामस्वरूप पिलानिया, बजरंग सिंह नाथावत, राजेश कुमार गुप्ता, लालाराम मीणा, किशनसिंह हरिराम विश्नोई, बाबूलाल यादव, बिजेन्द्र सिंह शेखावत, महेश खंडेलवाल, प्रदीप सिंह राठौड़ किस्मत आजमा रहे हैं।

### इनका कहना है...

विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के चुनाव 17 सितम्बर को विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में सुबह दस से शाम चार बजे तक होंगे। चुनाव में 800 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगें।

**जगदीश सोमानी, चुनाव अधिकारी**

## लक्ष्मीनारायणजी मंदिर में गरबा महोत्सव 21 से

### 10 दिन तक गुजराती समाज के लोग खनकाएंगे डांडिया



महानगर संवाददाता

जयपुर। नवदुर्गा गरबा मंडल का गरबा महोत्सव 21 से 30 सितम्बर तक वार्ड-73 बड़ी चौपड़ स्थित लक्ष्मीनारायण बाईजी मंदिर में मनाया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से देर रात तक गुजराती समाज के लोग यहां मातारानी के दरबार के समक्ष भजनों की स्वर लहरियों पर डांडिया खनकाएंगे। बुधवार को बड़ी चौपड़ स्थित लक्ष्मीनारायण बाईजी मंदिर में महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम भारती ने महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। नवदुर्गा गरबा मंडल के प्रवक्ता धर्मेन्द्र गुजराती ने बताया कि महोत्सव में जयपुर में निवास कर रहे गुजराती समाज के लोग उत्साह के साथ भाग लेंगे। मंदिर के प्रवक्ता तरुण भारती ने बताया कि लक्ष्मीनारायण धाम के भुवनेश्वरी और पीताम्बरा साधना केन्द्र में शारदीय नवरात्र की घट स्थापना सुबह शुभ मुहूर्त में की जाएगी।

## सम्यक दर्शन कर मोक्ष को भी प्राप्त कर सकते हैं: पीयूष सागर

महानगर संवाददाता

जयपुर। अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास के दौरान बुधवार को प्रात: 8 बजे स्वाध्याय सभा के दौरान अंतर्मना मुनि प्रसन्न सागर महाराज के संघस्थ मुनि पीयूष सागर महाराज ने अपने उद्‌बोधन में श्रावकों को सम्यक दर्शन का स्वरूप समझाते हुए कहा कि जो भी जीव देव, शास्त्र, गुरु के प्रति सच्चा श्रद्धान करने वाला है वह चार प्रकार की आराधना के द्वारा सम्यक दर्शन ज्ञान, चारित्र एवं तप को अपने ह्रदय में धारण करता है और इन आराधनाओं के द्वारा अपने भावों में चेतना लाकर चेतन परिणामों के द्वारा सम्यक दर्शन को प्राप्त कर अनुक्रम से मोक्ष भी प्राप्त कर सकता है। समिति मंत्री हेमंत सौगानी ने बताया की 21 सितम्बर से नो दिवसीय जिनेन्द्र प्रभ महाराधना मंडल विधान पूजन का भव्य आयोजन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा दिगम्बर जैन मंदिर में अंतर्मना मुनि प्रसन्न सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद, मुनि पीयूष सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती माताजी ससंघ सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। इस विधान पूजन में बड़ी संख्या में देशभर के श्रद्धालुगण सम्मिलित होंगे और जिनेन्द्र प्रभु की अर्चना और आराधना करेंगे।

